एनएसएस की ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता में तृप्ति प्रथम और सना द्वितीय, 300 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा-

जावरा । स्थानीय भगतसिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई और महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के संयुक्त तत्वावधान में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्रीटिंग कार्ड एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस रचनात्मक प्रतियोगिता में महाविद्यालय के लगभग 300 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता का आयोजन विकसित भारत 2047, भारतीय ज्ञान परंपरा, नई शिक्षा नीति 2020 एवं समृद्ध भारत जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर किया गया। विद्यार्थियों ने इन विषयों पर आधारित बेहद आकर्षक और विचारोत्तेजक ग्रीटिंग कार्ड्स व पोस्टर्स तैयार किए। पूरा आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विद्या तिवारी के मार्गदर्शन और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर श्यामलाल चौधरी एवं डॉ. रेनू नामदेव के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सभी विभागाध्यक्षों, प्राध्यापकों और स्टाफ सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. विद्या तिवारी ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा, विकसित भारत 2047 का लक्ष्य हमारे युवाओं की सकारात्मक सोच और नवाचार से ही पूरा होगा। भारतीय ज्ञान परंपरा हमारी मूल ताकत है और नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों को आधुनिक कौशल के साथ मानवीय संस्कारों से भी जोड़ती है। प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता से देश के उज्ज्वल भविष्य की सुंदर झलक प्रस्तुत की है।

प्रतियोगिता के परिणाम-

प्रतियोगिता में बीएससी द्वितीय वर्ष की तृप्ति राठौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीकॉम प्रथम वर्ष की सना कौसर द्वितीय और बीएससी प्रथम वर्ष की अंजी कुंवर तृतीय स्थान पर रहीं। इसके अतिरिक्त एमएससी प्रथम सेमेस्टर की संजना पाटीदार, अर्चना ठाकड़ तथा बीए प्रथम वर्ष के नावेद खान को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

ग्राम बीड़ में नवरात्रि आरती के समय बिजली कटौती से फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, जमकर की नारेबाजी

बीड़। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व के दौरान ग्राम बीड़ में विद्युत मंडल की लापरवाही से ग्रामीणों और मां दुर्गा भक्तों का आक्रोश भड़क उठा। सोमवार रात्रि ठीक 8:00 बजे, जब गांव के सभी पूजा पंडालों और शीतला माता मंदिर परिसर में मां भगवती की महाआरती का समय था, उसी दौरान मुंदी विद्युत मंडल द्वारा 1 घंटे का 'लोड शेडिंग' का मैसेज देकर बिजली सप्लाई बंद कर दी गई। ऐन आरती के वक्त अचानक हुई इस बिजली कटौती से शीतला माता मंदिर समिति के सदस्यों पंडालों के आयोजकों और स्थानीय ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त हो गया। अंधेरे में डूबे पंडालों और मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, जिसके बाद युवाओं और ग्रामीणों ने एकत्रित होकर बिजली विभाग के खिलाफ जमकर गुस्सा जाहिर किया।

'लाइट दो, लाइट दो, अभी दो-अभी दो' के गूंजे नारे

अचानक हुई इस कटौती से आक्रोशित युवाओं उदयभानु मीणा, आयुश चौरे, अर्पित ललवानी,संदिप सोनी और ग्रामीणों ने मंदिर परिसर के बाहर जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। 'लाइट दो, लाइट दो, अभी दो-अभी दो' के नारों से पूरा बीड़ गांव गूंज उठा। ग्रामीणों का कहना था कि नवरात्रि जैसे प्रमुख धार्मिक पर्व पर जहां हर तरफ जगमगाहट और आरती का माहौल होता है, उस समय विद्युत विभाग को कटौती से परहेज करना चाहिए।

1 घंटे बाद 9:00 बजे बहाल हुई बिजली

ग्रामीणों द्वारा जताए गए कड़े विरोध और आक्रोश के बीच करीब 1 घंटे बाद, यानी रात्रि 9:00 बजे विद्युत सप्लाई पुनः बहाल की जा सकी। हालांकि बिजली वापस आने पर आरती संपन्न हुई, लेकिन नवरात्रि के समय में इस प्रकार बिना पूर्व योजना के लोड शेडिंग किए जाने को लेकर ग्रामीणों और मंदिर समिति सदस्यों ने विद्युत मंडल मुंदी के प्रति भारी नाराजगी जाहिर की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि त्यौहार के दिनों में आरती एवं पूजा के समय बिजली कटौती न की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को असुविधा न उठानी पड़े।

रोटरी क्लब प्राइम द्वारा छात्राओं को नि:शुल्क पैड वितरित

बुरहानपुर । रोटरी क्लब ऑफ बुरहानपुर प्राइम के सौजन्य से सरस्वती शिशु मंदिर, सरस्वती नगर में छात्राओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए निःशुल्क सैनिटरी पैड वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन अशोक अग्रवाल जी को इस प्रोजेक्ट में प्रोजेक्ट पार्टनर एवं अतिथि के रूप मेंआमंत्रित किया गया कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को मासिक धर्म, माहवारी स्वच्छता, संक्रमण से बचाव तथा व्यक्तिगत स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी भी दी गई। इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं को स्वच्छता बनाए रखने और आत्मविश्वास के साथ शिक्षा जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करना रहा। रोटरी क्लब प्राइम के अध्यक्ष श्री गेंदालाल प्रजापति ने कहा कि स्वास्थ्य और स्वच्छता जागरूकता हर बालिका का अधिकार है। क्लब भविष्य में भी ऐसे सामाजिक उत्थान एवं जन-कल्याण कार्यों को जारी रखेगा। इस अवसर पर प्रोजेक्ट पार्टनर अशोक अग्रवाल का मोतियों की माला पहनाकर स्वागत किया गया !.साथ ही विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद कुलकर्णी एवं शाह मैडम का भी माला से स्वागत किया गया कार्यक्रम का संचालन रोटेरियन दीपक सलूजा ने किया रोटरी क्लब प्राइम के सदस्य मनोज शाह , मीनाक्षी महाजन एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे ।छात्राओं ने इस उपयोगी पहल के लिए रोटरी क्लब ऑफ बुरहानपुर प्राइम का आभार व्यक्त किया।

शाजापुर के अतुल का एशियाई डोजबॉल चैंपियनशिप में चयन

अतुल शर्मा, शाजापुर । हाई सेकेंडरी ग्राउंड के खिलाड़ी अतुल शर्मा का चयन एशियाई डोज वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए किया गया है। दक्षिण कोरिया में चैंपियनशिप 9 से 11 अक्टूबर को है। चंडीगढ़ में चल रही राष्ट्रीय कैंप में भारतीय टीम के लिए अतुल का चयन हुआ है। इस अवसर पर ग्राउंड के वरिष्ठ खिलाड़ी अभय भोसले, अरुण गवली, डॉ.अजय हनोतिया, गिरीश सोनी, देवेन्द्र घार्वे, दीक्षांत भिलाला, शाजापुर स्पोर्ट्स डेवलपमेंट एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया है।

प्रवेश और निकास के समय ढलान सामान्य से अधिक महसूस हो रही

हाइट बैरियर की ऊंचाई काफी कम प्रतीत हो रही

अंडरब्रिज की तकनीकी डिजाइन पर सवाल

अधिक ढलान, कम ऊंचाई और 'ब्लाइंड टर्न' बना सुरक्षा का खतरा

अंडरब्रिज आम जनता के लिए प्रारंभः व्यापारियों में उत्साह तो चालकों को सता रहा हादसों का डर

जावरा । शहर में ओवरब्रिज के लोकार्पण के बाद अब बहुप्रतीक्षित रेलवे अंडरब्रिज को भी सोमवार से आम जनता के आवागमन के लिए खोल दिया गया है। लंबे समय से चल रहे निर्माण कार्य के कारण शहर के दोनों हिस्सों के बीच यातायात को लेकर भारी असुविधा हो रही थी। अंडरब्रिज के शुरू होते ही दोपहिया और हल्के वाहनों की आवाजाही तेजी से शुरू हो गई है, जिससे मुख्य मार्गों पर लगने वाले जाम से लोगों को बड़ी राहत मिली है। अंडरब्रिज और ओवरब्रिज के निर्माण के दौरान सबसे अधिक मार स्टेशन रोड के व्यापारियों पर पड़ी थी। रास्ता बंद व डायवर्ट होने से ग्राहकों का आना-जाना लगभग बंद हो गया था और कई व्यापारियों का व्यवसाय ठप होने की कगार पर पहुँच गया था। अब अंडरब्रिज के चालू होने से स्टेशन रोड सीधे मुख्य शहर और प्रमुख बस्तियों से जुड़ गया है। स्थानीय व्यापारियों का मानना है कि आवागमन सुचारू होने से बाजार में ग्राहकों की चहल-पहल फिर से बढ़ेगी और आर्थिक गतिविधियां दोबारा पटरी पर लौटेंगी।

अंडरब्रिज शुरू होने के साथ ही इसके तकनीकी ढांचे को लेकर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। मौके से गुजरने वाले वाहन चालकों का कहना है कि अत्यधिक ढलान ब्रिज में प्रवेश और निकास के समय ढलान सामान्य से अधिक महसूस हो रही है, जिससे वाहनों की गति नियंत्रित रखना चुनौतीपूर्ण हो रहा है।

सुरक्षा संकेतक और स्पीड ब्रेकर तत्काल लगाए जाएं-

स्थानीय नागरिकों और प्रबुद्ध जनों ने रेलवे व स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि किसी भी अप्रिय घटना से पहले अंडरब्रिज के मोड़ों पर कॉन्वेक्स मिरर (उत्तल दर्पण) लगाए जाएं ताकि सामने से आते वाहन स्पष्ट दिख सकें। साथ ही ढलान पर उपयुक्त स्पीड ब्रेकर, रेडियम पट्टियां और गति सीमा के चेतावनी बोर्ड लगाए जाने चाहिए, जिससे राहत का यह मार्ग किसी दुर्घटना का कारण न बने।

कम ऊंचाई वाला हाइट गेज-

प्रवेश द्वार पर लगाए गए हाइट बैरियर की ऊंचाई काफी कम प्रतीत हो रही है, जिसे सामान्य ऊंचाई का व्यक्ति हाथ उठाकर आसानी से छू सकता है। ऐसे में लोडिंग ऑटो या सिर पर सामान ले जाने वालों के लिए यह खतरनाक साबित हो सकता है।

तीखा अंधा मोड़-

अंडरब्रिज के भीतर मौजूद घुमावदार मोड़ पर सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते। यदि मोड़ पर वाहनों की गति नियंत्रित नहीं रही, तो आमने-सामने की भिड़ंत की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

सिविल अस्पताल जावरा में दो बच्चों की ओरल म्यूकस सिस्ट की सफल सर्जरी

चोट या लार ग्रंथि का रास्ता बंद होने से बनती है सिस्ट

जावरा । सिविल अस्पताल में 12 और 15 वर्ष के दो बच्चों के मुंह के अंदर बनी ओरल म्यूकस सिस्ट (लार ग्रंथि में बनने वाली पानी भरी गांठ) को इलेक्ट्रोकॉटरी पद्धति से सफलतापूर्वक निकाला गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. किरण वाडीवा के मार्गदर्शन एवं सिविल अस्पताल जावरा के प्रभारी डॉ. दीपक पालड़िया के निर्देशन में यह प्रक्रिया संपन्न की गई।

जानकारी के अनुसार, जावरा निवासी फातिमा, पिता इरफान 12 वर्ष एवं तोसिफ, पिता शब्बीर खान 15 वर्ष पिछले एक महीने से इस समस्या से परेशान थे। दोनों बच्चों की डेंटल सर्जरी कर सिस्ट निकाली गई। इस प्रक्रिया में डेंटल सर्जन डॉ. राज कपूर डांगी (एमडीएस), डॉ. फैजान उस्मानी (बीडीएस), डॉ. नजरेगुल शिरीन (बीडीएस), डॉ. परनिका अग्रवाल (एमडीएस), डॉ. मोनिका दिमनीकर (बीडीएस) एवं सहायक श्रवण सिंह की भूमिका रही। चिकित्सकीय जानकारी के अनुसार, मुंह के अंदर लार ग्रंथि की नली बंद होने या चोट लगने के कारण ओरल म्यूकस सिस्ट बन सकती है। होंठ या गाल का कटना तथा नुकीले दांतों से बार-बार रगड़ लगना भी इसके प्रमुख कारण हो सकते हैं। इसमें प्रभावित स्थान पर पानी भरे छाले जैसी गांठ बन जाती है। ऐसी समस्या होने पर समय पर दंत चिकित्सक को दिखाना चाहिए।

लोकल एनेस्थीसिया से होती है प्रक्रिया, एक सप्ताह में भरता है घाव डॉक्टरों के अनुसार, इलेक्ट्रोकॉटरी मशीन की सहायता से लोकल एनेस्थीसिया देकर लगभग 10 से 15 मिनट में सिस्ट निकाली जाती है। इस पद्धति में रक्तस्राव कम होता है और प्रक्रिया के दौरान दर्द को नियंत्रित किया जाता है। उपचार के बाद कम से कम एक सप्ताह तक गर्म भोजन, मिर्च-मसालेदार चीजों और धूम्रपान से परहेज करने की सलाह दी जाती है। सामान्यतः घाव को पूरी तरह ठीक होने में लगभग सात दिन लग सकते हैं। उक्त जानकारी सिविल अस्पताल जावरा के प्रभारी सुपरवाइजर शैलेन्द्र कुमार दवे ने दी।

नवरात्र पर अनूठी पहलः शासकीय स्कूल की छात्राओं को बांटी लेखन सामग्री व फल

जावरा । नवरात्र पर्व के अवसर पर श्री राधाकृष्ण सेवा समिति जावरा द्वारा शासकीय विद्यालय, भूतेड़ा में कन्या सेवा एवं प्रोत्साहन कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन कर उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती गायत्री शर्मा एवं समिति सदस्यों द्वारा मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ हुई। इसके पश्चात अतिथियों ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी प्रतिभा और रुचि की जानकारी ली। आयोजन के दौरान सभी बच्चों को फल एवं लेखन सामग्री किट का वितरण किया गया। प्रतिभावान बेटियों की हरसंभव मदद की जाएगीः पंकज लुक्कड़ समिति के संरक्षक पंकज लुक्कड़ और हेमंत अग्रवाल ने बालिकाओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि बेटियां समाज का गौरव हैं और उन्हें जीवन में आगे बढ़ाने के लिए समिति हरसंभव सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने भूतेड़ा शासकीय विद्यालय में बेटियों को मिल रही बेहतर शिक्षा और उनकी प्रतिभा की खुलकर सराहना की। समिति के उमेश शर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा और सेवा गतिविधियों की जानकारी दी। वहीं विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती गायत्री शर्मा ने श्री राधाकृष्ण सेवा समिति की इस सेवा व प्रोत्साहन पहल को अत्यंत सराहनीय बताया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक गोपाल जी, मेहबूब जी सहित समिति के सदस्य व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

दोनों नवरात्रि और प्रत्येक पूर्णिमा पर जुटते हैं श्रद्धालु, सुबह 6 बजे से गूंजते हैं वैदिक मंत्र

जावरा। श्री त्रिमूर्ति हनुमान मंदिर बोडिया कुआं प्रांगण में गायत्री परिवार द्वारा संचालित सामूहिक यज्ञ ने अपने 74वें वर्ष में प्रवेश कर लिया है। वर्षों से निरंतर चल रहा यह सामाजिक एवं आध्यात्मिक अनुष्ठान पूरे विधि-विधान और श्रद्धा के साथ जारी है। मां गायत्री परिवार समिति के सदस्य जगदीश राठौर ने बताया कि वर्ष की दोनों नवरात्रि तथा प्रत्येक पूर्णिमा पर इस सामूहिक यज्ञ का आयोजन यज्ञ आचार्य श्री सुभाष जी शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न होता है। इस वर्ष के आयोजन में विशेष उत्साह देखने को मिला, जहां एक ओर महज 3 वर्ष के नन्हे बालक यज्ञ वेदी पर आहुतियां देते नजर आए, वहीं बड़ा मालीपुरा निवासी 80 वर्षीय वरिष्ठ श्रद्धालु भेरूलाल जी सोनगरा की सक्रियता भी सभी के लिए प्रेरणा का केंद्र बनी रही।

कमानी गेट पर भक्तिमय माहौल में घटस्थापना के साथ नवरात्रि महोत्सव का शंखनाद

जावरा । शहर के कमानी गेट स्थित प्रियदर्शनी क्लब पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नवरात्रि पर्व का शुभारंभ पूरे उत्साह और भक्तिमय माहौल में घट स्थापना कार्यक्रम के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जावरा शहर थाना प्रभारी दीपक मंडलोई उपस्थित रहे। विधि-विधान से घटस्थापना एवं महाआरती के पश्चात बालिकाओं द्वारा मनमोहक और आकर्षक गरबों की प्रस्तुति दी गई, जिसने वहां मौजूद सभी दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में क्लब के सदस्यों द्वारा अतिथियों का पुष्पमालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से क्लब के सदस्य सत्यनारायण अग्रवाल, हुकुमचंद आर्य, प्रहलाद पोरवाल, ओमप्रकाश बंसल, अशोक पोरवाल, राजेश राठौर, सुरेश राठौर, धर्मेन्द्र मोदी, संजय मोदी, गोपाल राठौर, मुकेश पोरवाल, सुरेश अग्रवाल, शंकरलाल अग्रवाल, महेंद्र पोरवाल, कन्हैयालाल हाड़ा, विकास पोरवाल, यश पोरवाल, सौरभ राठौर, चयन मोदी, रजत गर्ग, दीपक पोरवाल एवं संस्कार राठौर शामिल रहे। इस अवसर पर स्वागत भाषण क्लब के संयोजक वरुण श्रोत्रिय ने दिया। कार्यक्रम का संचालन विनय पोरवाल ने किया तथा अंत में सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार प्रदर्शन समय श्रोत्रिय द्वारा व्यक्त किया गया।

प्रसन्न मन और सकारात्मक सोच ही जीवन की असली सफलता ,जेपीएस में स्वास्थ्य सेमिनार आयोजित

कर्तव्य फाउंडेशन के तत्वावधान में 9 वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को सिखाए तनाव प्रबंधन और सजग श्वास के गुर

जावरा । विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन और सकारात्मक जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्थानीय जावरा पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया।

कर्तव्य फाउंडेशन, रतलाम के तत्वावधान में आयोजित इस संगोष्ठी में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। सेमिनार का मुख्य विषय 'मानसिक स्वास्थ्य एवं जीवन में श्वास का महत्व' रहा। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता श्रीमती निहारिका ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान दौर में पढ़ाई का दबाव, कड़ी प्रतिस्पर्धा और सामाजिक अपेक्षाएं किशोर मन को प्रभावित करती हैं। ऐसे में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना, भावनाओं को समझना और जरूरत पड़ने पर अपनों से मार्गदर्शन लेना बेहद जरूरी है। उन्होंने बुलिंग (परेशान करने की प्रवृत्ति), चिंता, बॉडी शेमिंग और अवसाद जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि हर विद्यार्थी की अपनी क्षमता होती है, किसी का उपहास उड़ाने के बजाय संवेदनशील और सहयोगी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। उन्होंने तनाव मुक्ति और एकाग्रता बढ़ाने के लिए सजग व धीमी श्वास लेने के अभ्यास का महत्व भी समझाया।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीयूष मूणत ने कहा कि जीवन का मूल उद्देश्य भीतर से प्रसन्न रहना है। प्रतिस्पर्धा और उपलब्धियां तभी मायने रखती हैं जब व्यक्ति मानसिक रूप से स्वस्थ हो। उन्होंने जोर देकर कहा कि शिक्षा केवल अंक लाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संतुलित व संवेदनशील व्यक्तित्व गढ़ने का माध्यम है। तनाव के क्षणों में संकोच छोड़कर संवाद करना ही बुद्धिमानी है। सेमिनार के अंत में विद्यार्थियों को स्वयं को स्वीकारने, दूसरों का आदर करने और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ जीवन की चुनौतियों का सामना करने का संकल्प दिलाया गया।